आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार एकांश
देहरादून (उत्तराखण्ड)
सोमवार 30.06.2025
समय 07.20

**मुख्य समाचार :—**

- प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में मध्यम से तेज बारिश का दौर जारी। देहरादून, उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, टिहरी, पौड़ी गढ़वाल, हरिद्वार, नैनीताल, चंपावत और ऊधमसिंह नगर में भारी बारिश का रेड अलर्ट।
- उत्तरकाशी के सिलाईं बैंड क्षेत्र में बादल फटने की घटना के बाद राहत और बचाव अभियान जारी, क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत का कार्य भी युद्धस्तर पर।
- रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने रेलवे बोर्ड को चरणबद्ध तरीके से ट्रेन रवाना होने से आठ घंटे पहले आरक्षण चार्ट तैयार करने का निर्देश दिया।
- उत्तराखंड लोक सेवा आयोग की सम्मिलित राज्य सिविल प्रवर अधीनस्थ सेवा प्रारंभिक परीक्षा में 50 प्रतिशत से अधिक अभ्यर्थी उपस्थित रहे।
- खेल मंत्री रेखा आर्या ने कहा— उत्तराखंड खंड अब धार्मिक पर्यटन के साथ—साथ खेल पर्यटन का भी तीर्थ बन रहा है।

## मौसम

राज्य में लगातार हो रही भारी बारिश से सामान्य जनजीवन प्रभावित हुआ है। अलकनंदा, भागीरथी, मंदाकिनी, सरयू और गोमती जैसी प्रमुख नदियों का जलस्तर चेतावनी स्तर के करीब पहुंच गया है, जबकि पर्वतीय क्षेत्रों में गाढ़—गदेरे भी ऊफान पर हैं। नदियों का जलस्तर बढ़ने से हरिद्वार, ऋषिकेश, देवप्रयाग, कीर्तिनगर जैसे क्षेत्रों में भी सतर्कता बरती जा रही है।
वहीं, ऋषिकेश में गंगा घाटों पर पुलिस ने श्रद्धालुओं को अलर्ट जारी किया है और चारधाम यात्रियों को रास्ता बंद होने की स्थिति में सुरक्षित स्थानों पर रुकने की सलाह दी गई है।
मौसम विभाग ने आज देहरादून, उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, टिहरी, पौड़ी गढ़वाल, हरिद्वार, नैनीताल, चंपावत और ऊधमसिंह नगर जिलों में भारी से बहुत भारी वर्षा का रेड अलर्ट जारी किया है। अन्य जिलों में भी भारी बारिश की चेतावनी दी गई है। 1 और 2 जुलाई को पूरे राज्य में ऑरेंज अलर्ट रहेगा, जबकि 3 जुलाई को बागेश्वर, रुद्रप्रयाग और नैनीताल जिलों में भारी बारिश की संभावना है।
सभी संबंधित विभागों को सतर्क रहने और आपदा से निपटने की तैयारियां रखने के निर्देश दिए गए हैं। संवेदनशील इलाकों में निगरानी बढ़ाई गई है और राहत टीमें तैनात की गई हैं।

## सुधार

उधर, उत्तरकाशी के सिलाई बैंड क्षेत्र में बादल फटने से हुए नुकसान के बाद यमुनोत्री मार्ग की क्षतिग्रस्त सड़क का सुधार कर लिया गया है। अन्य मार्गों की मरम्मत जारी है। 33 केवी विद्युत लाइन बहाल कर दी गई है, जबकि 11 केवी लाइन की मरम्मत जारी है। सात लापता श्रमिकों की तलाश में एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, पुलिस और राजस्व विभाग की टीमें जुटी हैं।
इस बीच, चारधाम यात्रा को सुरक्षा की दृष्टि से रोका गया है। यात्रा के संचालन का निर्णय आज मौसम और सड़कों की स्थिति को देखकर लिया जाएगा। इस बीच, चमोली के जिलाधिकारी संदीप तिवारी ने ज़िले में आने वाले पर्यटकों व स्थानीय लोगों से सतर्कता बरतने की अपील की है।

## वि□ोश जिम्मेदारी

नैनीताल की जिलाधिकारी वंदना ने मानसून के दौरान गर्भवती महिलाओं की सुरक्षा के लिए स्वास्थ्य विभाग को विशेष जिम्मेदारी सौंपी है। उन्होंने जिले के सभी विकासखंडों में नियंत्रण कक्ष स्थापित करने और नोडल अधिकारियों की तैनाती के निर्देश दिए हैं।
जिलाधिकारी ने स्वास्थ्य विभाग को निर्देशित किया है कि जिले के दूरस्थ क्षेत्रों में रहने वाली उन गर्भवती महिलाओं की सूची दो दिन में तैयार की जाए, जिनका प्रसव अगले तीन महीनों में संभावित है और जो वर्तमान में ही शहर के अस्पतालों में रहना चाहती हैं।

## रेल/निर्देश

रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने रेलवे बोर्ड को ट्रेन प्रस्थान से आठ घंटे पहले आरक्षण चार्ट तैयार करने का कार्यान्वयन शुरू करने का निर्देश दिया है। इस कदम से प्रतीक्षा सूची के टिकट वाले यात्रियों की अनिश्चितताओं में कमी आएगी। यह प्रतीक्षा सूची के टिकट कंफर्म नहीं होने की स्थिति में यात्रियों को वैकल्पिक प्रबंध करने का और समय भी प्रदान करेगा।

## भाजपा चुनाव

भारतीय जनता पार्टी ने उत्तराखंड में प्रदेश अध्यक्ष और राष्ट्रीय परिषद सदस्यों के चुनाव के लिए अधिसूचना जारी कर दी है। संगठन पर्व कार्यक्रम के तहत कल मतदाता सूची जारी की गई, जबकि आज नामांकन, जांच और नाम वापसी की प्रक्रिया पूरी की जाएगी।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष पद के लिए 125 मतदाताओं की सूची बनाई गई है। नामांकन सुबह 10 से 12 बजे तक, जांच 12 से 2 बजे तक और नाम वापसी की प्रक्रिया दोपहर 3 से 4 बजे तक होगी।

## उपस्थिति

उत्तराखंड लोक सेवा आयोग द्वारा आयोजित सम्मिलित राज्य सिविल प्रवर अधीनस्थ सेवा प्रारंभिक परीक्षा 2025 की पहली पाली में कुल 50 दशमलव चार–सात प्रतिशत अभ्यर्थी उपस्थित रहे। यह उपस्थिति पिछले वर्ष की तुलना में अधिक रही, जब 47 दशमलव छह–सात प्रतिशत परीक्षार्थी, परीक्षा में शामिल हुए थे। बारिश के बावजूद अभ्यर्थियों की उपस्थिति में सुधार देखा गया है। आयोग के सचिव गिरधारी सिंह रावत ने बताया कि इस बार कुल एक लाख एक हजार नौ सौ चौसठ अभ्यर्थियों ने आवेदन किया था, जबकि पिछले साल यह संख्या करीब डेढ़ लाख थी।

## खेल

खेल मंत्री रेखा आर्या ने कहा है कि उत्तराखंड अब धार्मिक पर्यटन के साथ–साथ खेल पर्यटन का भी तीर्थ बन गया है। उन्होंने बताया कि बीते तीन दिनों में प्रदेश में चार राष्ट्रीय प्रतियोगिताओं का आयोजन, राज्य में खेल विकास यात्रा का प्रमाण है। श्रीमती आर्या हरिद्वार के रोशनाबाद स्थित वंदना कटारिया स्टेडियम में आयोजित 42वीं राष्ट्रीय ताइक्वांडो चैंपियनशिप और 28वीं नेशनल पूमसे ताइक्वांडो चैंपियनशिप के समापन समारोह को संबोधित कर रही थी। इस प्रतियोगिता में 18 राज्यों से 700 से अधिक खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। खेल मंत्री ने कहा कि खेल जीवन में अनुशासन, प्रतिबद्धता और समर्पण जैसे गुणों का विकास करता है। उन्होंने उम्मीद जताई कि भारत में 2036 ओलंपिक का आयोजन संभव है और इसके लिए खिलाड़ियों को अभी से तैयारी शुरू कर देनी चाहिए।

## नशा मुक्ति अभियान

पौड़ी जिले के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक लोकेश्वर सिंह के निर्देश पर लक्ष्मणझूला क्षेत्र में मादक पदार्थों के दुरुपयोग और अवैध तस्करी के खिलाफ अंतरराष्ट्रीय ड्रग्स पखवाड़ा मनाया गया। इस दौरान रामझूला चौकी पर स्थानीय व्यापारियों और नागरिकों के साथ एक जागरूकता गोष्ठी आयोजित की गई।

थानाध्यक्ष संतोष पैंथवाल ने गोष्ठी में लोगों को नशे के दुष्प्रभावों के बारे में जानकारी दी और जागरूकता पंफलेट वितरित किए। गोष्ठी के बाद नशा मुक्ति हस्ताक्षर अभियान चलाया गया, जिसमें स्थानीय लोगों, यात्रियों और पर्यटकों ने भाग लेकर नशा मुक्त समाज की ओर प्रतिबद्धता जताई।

अभियान की शुरुआत उपजिलाधिकारी यमकेश्वर अनिल चन्याल ने की और नशा मुक्ति के प्रति लोगों को जागरूक किया। स्थानीय व्यापारियों और नागरिकों ने इस पहल की सराहना करते हुए इसे पुलिस की एक सार्थक पहल बताया।

## उद्घाटन

देहरादून के दून विहार क्षेत्र में नवनिर्मित सामुदायिक भवन का उद्घाटन कैबिनेट मंत्री गणेश जोशी ने किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास की रोशनी पहुंचाना है।

श्री जोशी ने बताया कि डबल इंजन की सरकार "जनता की सरकार, जनता के द्वार" की भावना के साथ निरंतर जनसेवा में जुटी है।

लोकार्पण समारोह के दौरान मंत्री जोशी ने यह भी घोषणा की कि इस सामुदायिक भवन का नाम डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के नाम पर रखा जाएगा।

इसके साथ ही उन्होंने दून विहार की सीवर लाइन और अन्य स्थानीय समस्याओं के समाधान का भरोसा देते हुए कहा कि इन मुद्दों का प्राथमिकता के आधार पर निस्तारण किया जाएगा।

**मुख्य समाचार एक बार फिर–**

- प्रदेश के विभिन्न हिस्सों में मध्यम से तेज बारिश का दौर जारी। देहरादून, उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, टिहरी, पौड़ी गढ़वाल, हरिद्वार, नैनीताल, चंपावत और ऊधमसिंह नगर में भारी बारिश का रेड अलर्ट।
- उत्तरकाशी के सिलाईं बैंड क्षेत्र में बादल फटने की घटना के बाद राहत और बचाव अभियान जारी, क्षतिग्रस्त सड़कों की मरम्मत का कार्य भी युद्धस्तर पर।
- रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने रेलवे बोर्ड को चरणबद्ध तरीके से ट्रेन रवाना होने से आठ घंटे पहले आरक्षण चार्ट तैयार करने का निर्देश दिया।
- उत्तराखंड लोक सेवा आयोग की सम्मिलित राज्य सिविल प्रवर अधीनस्थ सेवा प्रारंभिक परीक्षा में 50 प्रतिशत से अधिक अभ्यर्थी उपस्थित रहे।
- **और,** खेल मंत्री रेखा आर्या ने कहा– उत्तराखंड खंड अब धार्मिक पर्यटन के साथ–साथ खेल पर्यटन का भी तीर्थ बन रहा है।